## संक्षिप्त

### वर्कर्स को कराना होगा पंजीयन

**अजमेर।** श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गिग कर्मकारों सहित असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के लिए ई-श्रम पोर्टल बनाया गया है। संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त विश्वेश्वर दयाल ने बताया कि केन्द्रीय बजट 2025-26 में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में गिग श्रमिकों को शामिल किए जाने की घोषणा की गई है। इस उद्देश्य से 21 से 30 मई तक श्रम विभाग द्वारा गिग श्रमिकों का ई-श्रम पर पंजीयन अभियान रूप में किया जा रहा है। समस्त गिग कामगारों एवं प्लेटफार्म कम्पनियों को अधिकाधिक गिग श्रमिकों का पंजीयन अभियान अवधि करवाना चाहिए।

### कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमें श्रोतागण

**अजमेर।** अजमेर शहर के श्रीनगर रोड स्थित लाल मंदिर के सामने राधा-कृष्ण मंदिर पर सात दिवसीय संगीतयम श्रीमद् भागवत कथा का 16 से 22 मई तक आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के बारे में चन्द्रेश सुनिया व इन्दरा सुनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमद भागवत कथा का वाचन श्री बिहारी जी महाराज बरसाना वालों के द्वारा शाम 4 से 7 बजे तक किया जा रहा है। कथा के दौरान कल यात्रा से लेकर नन्दोत्सव, माखन चोरी बाल लीला, श्री कृष्ण-रूक्मिणी विवाह व सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर कथा में मौजूद श्रोतागण कृष्ण भगवान के भजनों पर झूमे और कथा का आनंद लिया।

### जोधपुर ने जीता लीग

**अजमेर।** आर.बी. क्लब जोधपुर ने जीएलओ मैदान पर सम्पन्न हुई धानका महोत्सव प्रीमियर लीग डे-नाइट में एक्शन हिरोज क्लब जयपुर को रोमांचक मुकाबले में 1 रन से हराकर खिताब जीता। जोधपुर ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 181 रन बनाए। अभिनव डाबी ने 90 रन बनाए। जवाब में जयपुर की टीम ने निर्धारित ओवर में 180 रन ही बना पाई। प्रतियोगिता के आधार पर जोधपुर के डाबी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। पार्षद सुनील धानका के अनुसार समापन समारोह के मुख्य अतिथि उप महापौर नीरज जैन, आरएएस अधिकारी जीएसटी ऑफिसर पिंकी निर्वाण ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर कविता डाबी, डीएसओ हेमंत आर्य, उद्योगपति हरीश डाबी और समाज से अमर सिंह किराड उपस्थित थे।

### राजीव गांधी को किया याद

**बांसवाडा।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर पालोदा बस स्टैंड पर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। राजीव गांधी के बलिदान को याद करते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलकर जनसेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। हर बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए नए युवा कार्यकर्ता जोड़ने का प्रयास हर कार्यकर्ता को करने पर चर्चा भी की गई। देवेंद्र कुमार त्रिवेदी ने सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से काम करने, नए सदस्यों को जोड़ने एवं पार्टी के प्रत्येक काम में आगे आकर पार्टी को मजबूती प्रदान करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव जिला परिषद सदस्य देवेंद्र त्रिवेदी, भगू बुनकर के अलावा कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केंद्रीय पुस्तकालय व 600-बेडेड छात्रावास का भूमि पूजन

**ग्रंथालय (लाइब्रेरी) की इमारत 5 मंजिला होगी जिसमे एक कंप्यूटर सेंटर होगा जहाँ कम से कम 500 मशीन लगाई जाएंगी**



राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो आनंद भालेराव के कर कमलो द्वारा पुस्तकालय व 600-बेडेड छात्रावास की प्रस्तावित इमारत का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ।

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो आनंद भालेराव के कर कमलो द्वारा केंद्रीय पुस्तकालय एवं 600-बेडेड छात्रावास की प्रस्तावित इमारत का भूमि पूजन समारोह मंतरोचार के साथ विधिवत सम्पन्न हुआ।

इस दौरान कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने ग्रंथालय के बारे में बताते हुए कहा कि - यह ज्ञान निर्मित करने वाला ग्रंथालय होगा क्योंकि ज्ञान का स्थान उच्च होता है। गीता में भक्ति योग, ज्ञान योग और कर्म योग की बात कही गई है, लेकिन ज्ञान योग हमेशा चिरंजीव होता है। एक पीढ़ी ज्ञान तैयार करती है तो आने वाली अनेक पीढ़ियों को उसका लाभ होता है।

प्रो भालेराव ने आगे कहा कि इस ग्रंथालय (लाइब्रेरी) की इमारत 5 मंजिला होगी जिसमे एक कंप्यूटर सेंटर होगा जहाँ कम से कम 500 मशीन लगाई जाएंगी, एक रीडिंग हॉल होगा जिसमे एक साथ 1000 लोग बैठकर अध्यन कर पाएंगे। इस नवनिर्मित ग्रंथालय में 75 हजार से एक लाख तक पुस्तके रखने की भी व्यवस्था की जाएगी। कॉन्फ्रेंस रूम भी बनाए जाएंगे। इस प्रकार से यह एक अद्भुत लाइब्रेरी होंगी। उन्होंने कहा कि एक इंफ्रास्ट्रक्चर के बनने से आने वाली कई पीढ़ियों का भला हो जाता है, इसी के लिए पिछले दो वर्षो से हम लगातार काम करते रहे है।

> ■ गीता में भक्ति योग, ज्ञान योग और कर्म योग की बात कही गई है, लेकिन ज्ञान योग हमेशा चिरंजीव होता है। एक पीढ़ी ज्ञान तैयार करती है तो आने वाली अनेक पीढ़ियों को उसका लाभ होता है।

प्रो भालेराव ने आगे कहा कि विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का भूमि पूजन हम सभी के लिए बहुत सौभाग्य की बात है। वैसे तो इस लाइब्रेरी का भूमि पूजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अक्टूबर 2023 को वर्चुल मध्यम से किया था, लेकिन भारतीय संस्कृति की प्रथा निभाते हुए आज इस नवकार्य की शुरुआत विधिवत भूमि पूजन करके की गई।

इससे पूर्व भूमि पूजन के उपरांत पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार फावड़ा चलाकर भूमि का शिलान्यास किया गया एवं नारियल फोड़कर विधिवत रूप से इमारत के निर्माण कार्य का औपचारिक शुभारंभ किया। गया।

इस भूमि पूजन समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के डीन, कार्यवाहक कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी प्रदीप अग्रवाल, अधिकारी, शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दृष्टिहीनों को मिली नेत्रज्योति

**अजमेर।** संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में अब चिकित्सा सुविधाएं पहले से बेतहर और बड़े शहरों की तरह मरीजों को उपलब्ध होने लगी है। जेएलएन अस्पताल के नेत्र विभाग द्वारा एक सप्ताह में करीब 8 नेत्र रोगियों के कॉर्नियों का प्रत्यारोपण किया है, जिससे दृष्टिहीनों को नेत्रज्योति मिली है। अस्पताल में शीघ्र ही कॉर्निया बैंक की स्थापना की जाएगी इसके लिए चयन प्रक्रिया भी अंतिम चरण चल रही है।

**अस्पताल में बनेगा कॉर्निया बैंक :** मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल सामारिया ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि अस्पताल में शीघ्र ही कॉर्निया बैंक की स्थापना की जाएगी, जिसके लिए स्थान का चयन अंतिम चरण में चल रहा है। बैंक की स्थापना से संभाग के नेत्र रोगियों को कॉर्निया प्रत्यारोपण हेतु स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

**एक सप्ताह में आठ मरीजों का कॉर्निया प्रत्यारोपण :** नेत्र रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.राकेश पोरवाल के नेतृत्व में एक सप्ताह में करीब आठ मरीजों का सफलतापूर्वक कॉर्निया प्रत्यारोपण किया है। यह मरीज पहले विभाग में परामर्श के लिए आए थे, जहां जांच के बाद प्रत्यारोपण की आवश्यकता बताई गई। विभाग की टीम में डॉ. रामस्वरूप हरसोलिया, डॉ. अर्चना, डॉ. सोनल एवं डॉ.राजेश सैनी ने प्रमुख भूमिका निभाई। सभी मरीज प्रत्यारोपण के बाद दृष्टि प्राप्त कर उनके चेहरे की खुशी देखते ही बन रही थी।

**अब तक 250 मरीजों पर ट्रांसप्लांट :** मीडिया को जानकारी देते हुए डॉ. सामरिया ने बताया कि पिछले पांच सालों में विभाग द्वारा 1010 कॉर्निया संग्रहित किए गए।

# जेसीबी से खुदाई के दौरान गैस पाइप लाइन में लीकेज

**अजमेर।** अजमेर आदर्श नगर थाना क्षेत्र के परबतपुरा स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में बुधवार को इंद्रप्रस्थ गैस पाइप लाइन को नाला निर्माण के लिए जेसीबी से की जा रही खुदाई के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे गैस लीक होने की सूचना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, गैस तेजी से हवा में फैलने लगी और दुर्घटना की आशंका बढ़ गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना आदर्श नगर थाना पुलिस, आईजीपीएल गैस कंपनी और अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों तरफ से रास्ते को बंद कराया। मौके पर पहुंची इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की तकनीकी टीम ने तुरंत प्रभावित क्षेत्र में करीब आधा किलोमीटर तक बैरीकेटिंग कर रास्ता बंद कर दिया गया और लाइन को दुरस्त करने में जुट गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने गैस के असर को कम करने के लिए क्षेत्र में पानी का छिडक़ाव किया।

इंद्रप्रस्थ गैस कंपनी के अभियंता घनश्याम ने बताया कि परबतपुरा स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में नाला निर्माण के लिए जेसीबी से खुदाई की जा रही थी, जेसीबी चालक द्वारा कार्य में लापरवाही बरती गई, जिससे गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि समय रहते टीम ने मौके पर पहुंच गई और किसी बड़ी दुर्घटना को टाल दिया गया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गैस रिसाव पर काबू पाया गया और पाइपलाइन लीकेज को बंद कर दिया गया। इंद्रप्रस्थ गैस कंपनी ने सडक़ खुदाई करने वाले ठेकेदारों से अपील की है कि किसी भी खुदाई से पूर्व कंपनी प्रतिनिधियों से संपर्क करेंए ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके। उल्लेखनीय है कि अजमेर शहर में अंडरग्राउंड गैस पाइन लाइन डाली गई हैं। कई क्षेत्रों में सीधे घरों में गैस सप्लाई की जा रही है।

## उच्च तकनीकी शिक्षा के कोर्स उपलब्ध

**अजमेर।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के द्वारा बड़लिया इंजिनियरिंग महाविद्यालय में सम्भाग स्तरीय आर-केट सेन्टर स्थापित किया गया है। महाविद्यालय की प्राचार्य रेखा मेहरा ने बताया कि अब महानगरों की तर्ज पर विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न कोर्स जैसे रोबोटिक्स एण्ड ऑटोमेशन रेडहेट लाईनेक्स, माईक्रोसॉफ्ट, ग्राफिक्स डिजाईन, साईबर सिक्योरिटी, एड़ोब, सिस्को, जावा डवलपमेन्ट, विएम वेयर, आईओएस एप्लीकेशन, ओरेकल क्लाऊड, एसएएस, डिजिटल एप्लीकेशन डिजाईन, एसरी इण्डिया, ईथिकल हैकिंग, डिजिटल मार्केटिंग, सेल्सफोर्स एप्लीकेशन आदि कोर्स छात्रवृति के आधार पर करने के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म मिल रहा है।

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, आर-केट सेन्टर, अजमेर सम्भाग के उपनिदेशक कमलेश सिंहल द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय में आर-केट सेन्टर संचालन के लिए कॉडिनेटर के रूप में गनुज सोनी की नियुक्ति की गई है। आर-केट सेन्टर की टीम द्वारा सम्भाग के विभिन्न जिलों के महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को आर-केट सेन्टर द्वारा कोर्स के रजिस्ट्रेशन की जानकारी प्रदान की जा रही है।

# 'भारत की संस्कृति में मेवाड़ का योगदान' संगोष्ठी आयोजित

> ■ संगोष्ठी में भारत सरकार की निर्णायक कार्यशैली की सराहना की।
> ■ युवाओं से धर्म के प्रति जागरूक और कटिबद्ध रहने की अपील की।

**अजमेर।** तीर्थसेवा न्यास, हरिद्वार द्वारा विजयलक्ष्मी पार्क, अजमेर में "भारत की संस्कृति में मेवाड का योगदान" विषय पर एक भव्य राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर से विद्वानों, संतों और विचारकों ने सहभागिता की और मेवाड़ की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय पदाधिकारी संजय जोशी रहे, जिन्होंने ऑडियो संदेश के माध्यम से जनता को संबोधित करते हुए भारत सरकार की निर्णायक कार्यशैली की सराहना की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बलराम दास बाबा हठयोगी (हरिद्वार) एवं राम विशाल दास महाराज (कोषाध्यक्ष - तीर्थसेवा न्यास, हरिद्वार) मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री कैलाश नाथ जी ने की। बाबा बलराम दास जी महाराज ने कहा कि मेवाड की धरती त्याग, बलिदान, भक्ति और शक्ति की प्रतीक रही है। उन्होंने युवाओं से धर्म के प्रति जागरूक और कटिबद्ध रहने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मरक्षा के लिए शस्त्र धारण करना आवश्यक है। राम विशाल दास महाराज ने मेवाड़ की ऐतिहासिक विभूतियों - जैसे पृथ्वीराज चौहान, मीरा बाई और महाराणा प्रताप - का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महापुरुषों की गौरवगाथा सम्पूर्ण विश्व में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि माता-पिता, घर, गाय, गंगा, गुरुकुल और वृक्ष सभी हमारे लिए तीर्थ हैं और इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। स्वामी प्रबोधनंद गिरी जी महाराज (महामंडलेश्वर, जूना अखाड़ा) ने पाकिस्तान की तुलना इतिहास के आक्रांताओं से करते हुए भारत सरकार से कडा रुख अपनाने की बात कही। कैलाश नाथ जी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भारत सदा से जगतगुरु रहा है और अब समय है कि हम सब मिलकर उसे पुनः वही गौरव दिलाएं। उन्होंने कहा कि भारत कभी किसी पर आक्रमण नहीं करता, लेकिन यदि कोई भारत पर आक्रमण करता है, तो उसे उत्तर देना हमारी परंपरा है। इस अवसर पर तीर्थसेवा न्यास की राजस्थान प्रदेश इकाई की भी घोषणा की गई। नई इकाई में श्री कमल किशोर शर्मा को अध्यक्ष, श्री सुरेंद्र सिंह शेखावत को महामंत्री तथा श्री शिवराज सिंह पलाड़ा को अजमेर जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। स्वागत भाषण डॉ. राजू शर्मा द्वारा दिया गया। विषय प्रस्तुति प्रो. अरविंद परीक ने की और संचालन डॉ. दीपिका शर्मा ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन श्री सुरेंद्र सिंह शेखावत (अध्यक्ष, तीर्थसेवा न्यास एवं पूर्व सभापति, नगर परिषद) ने किया। शेखावत ने कहा कि मेवाड़ न केवल भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक आत्मा को भी समृद्ध करता है। संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं को भारतीय संस्कृति से जोडना और मेवाड जैसे ऐतिहासिक क्षेत्र के योगदान को उजागर करना था। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई

**अजमेर।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को कांग्रेसियों ने पंचशील स्थित राजीव गांधी सर्किल पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में पंचशील स्थित राजीव गांधी सर्किल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैन ने कहा कि दूरदर्शी सोच के धनी राजीव गांधी ने भारत में कम्प्यूटर एवं सूचना क्रांति का बीज बोया, आज वह वट वृक्ष बन चुका है। जिसकी जड़ों ने भारत को विश्व पटल पर मजबूती से खड़ा किया है एवं कोरोना महामारी से प्रभावी मुकाबले में संचार तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका साबित हो रही है। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ ने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज एवं स्वायतसाशी संस्थाओं को मजबूती प्रदान करने के लिए महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया। दूरगामी सोच से आधुनिक भारत का सपना गढने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रोत रहे। अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि राजीव गाधी ने युवाओं को सशक्त, स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाने की नीतियों ने भारत को डिजिटल युग की ओर अग्रसर किया।

# आनासागर झील व बांडी नदी में फिर पनपन रही जलकुंभी

**विशेषज्ञ पहले ही चेता चुके हैं कि जलकुंभी झील के पानी को विषैला बनाकर जलीय जीवन को नष्ट कर देती है**


**अजमेर।** अजमेर शहर की ऐतिहासिक आनासागर झील और बांडी नदी के जल में एक बार फिर जलकुंभी ने पनपना शुरू कर दिया है, जिससे बांडी नदी सहित आनासागर झील धीरे-धीरे जलकुंभी की चपेट आ रही है। नगर निगम प्रशासन की लापरवाही भी सामने आ रही है, झील की साफ-सफाई और देखरेख का जिम्मा निगम का है।

निगम प्रशासन द्वारा झील की साफ सफाई को लेकर किए गए दावे खोखले साबित हो रहे है। करोड़ों खर्च करने के बावजूद जमीनी हकीकत यह है कि झील की स्थिति और बदतर हो रही है। भीषण गर्मी में पानी में ऑक्सीजन की कमी से मछिलयां मर रही है तो झील के किनारे गंदगी का आलम है।

आनासागर झील को जब जलकुंभी ने अपनी चपेट में लिया था, तब नगर निगम प्रशासन द्वारा अलग-अलग जगहों से जल विशेषज्ञों को बुलाया और सुझाव मांगे, कई योजनाएं बनाईं, साथ ही झील की सफाई के लिए सवा दो करोड़ की लागत से नई डिवाइडिंग मशीन भी खरीदी। झील से जलकुंभी निकालने के लिए करीब 6 करोड़ रुपये खर्च कर जलकुंभी हटाने का अभियान चलाया, लेकिन केवल कागजों में सिमटा रहा। आज स्थिति यह है कि एक बार फिर आनासागर के साथ साथ बांडी नदी को भी जलकुंभी ने अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। झील की ओर तेजी से बढ़ रही जलकुंभी निकालने के लिए अधिकारियों के पास न तो कोई योजना है, न ही कोई ठोस कार्यवाही।

**जलकुंभी का बांडी नदी में फैला शुरू**

बांडी नदी में तेजी से पनप रही जलकुंभी अब झील की सतह की ओर बढ़ रही है। मानसून के दौरान भारी जल प्रवाह के चलते यह जलकुंभी झील में समा जाएगी। विशेषज्ञ पहले ही चेता चुके हैं कि जलकुंभी झील के पानी को विषैला बनाकर जलीय जीवन को नष्ट कर देती है, लेकिन निगम प्रशासन इस चेतावनी को नजर अंदाज करता आया है। झील की सफाई और संरक्षण के नाम पर किए गए भारी-भरकम खर्च का कोई ठोस असर नहीं दिख रहा है। जिन मशीनों का उपय्रोग जलकुंभी हटाने के लिए होना था, वे कारगर साबित नहीं हो रहा हैं। **मछलियां भी तोड़ रही है दम :** नगर निगम प्रशासन की निष्क्रियता का परिणाम यह रहा कि एक ओर जहां जलकुंभी का फैलाव झील की प्राकृतिक सुंदरता और पानी की गुणवत्ता को समाप्त कर रहा है तो दूसरी ओर गंदे नालों का पानी ऐतिहासिक जल स्रोत को विषैली नाली में तब्दील कर रहा है। पानी में विषैले तत्व के कारण और ऑक्सीजन की कमी के कारण झील की मछलियां भी दम तोड़ रही है। झील के किनारे मरी मछलियों की दुर्गंध से आसपास का वातावरण भी दूषित हो रहा है।



अजमेर की बांडी नदी में धीरे धीरे फैल रही जलकुंभी।

> ■ करोड़ों खर्च करने के बावजूद जमीनी हकीकत यह है कि झील की स्थिति और बदतर हो रही है। भीषण गर्मी में पानी में ऑक्सीजन की कमी से मछिलयां मर रही है तो झील के किनारे गंदगी का आलम है।

## सार-समाचार

### किसानों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



**अजमेर।** ऑल राजस्थान पोल्ट्री फार्मर्स सोसाइटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में जिले भर के पोल्ट्री किसानों ने विद्युत टैरिफ बदलाव व सब्सिडी हटाने पर रोष जताते हुए बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और कलेक्टर लोक बंधु को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंप कर समस्या के समाधान की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो प्रदेश भर में आंदोलन किया जाएगा। ऑल राजस्थान पोल्ट्री फार्मर्स सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल ने बताया कि बुधवार को अजमेर जिले के ब्यावर, सरवाड़, केकड़ी, भिनाय, नसीराबाद के किसानों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर लोक बंधु को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पोल्ट्री पशुपालन आधारित प्रमुख कृषि व्यवसाय है। जिससे प्रदेश में करीब दो हजार से अधिक पोल्ट्री फार्म संचालित हो रहे हैं और लगभग पांच हजार परिवारों का आजीविका इससे जुड़ी हुई है। पूर्व में पोल्ट्री फार्मों को एग्रीकल्चर टैरिफ कोड 43 सौ के अंतर्गत रियायती दरों पर बिजली दी जाती थी, लेकिन अब बिना किसी पूर्व सूचना के इस टैरिफ को हटाकर डोमेस्टिक श्रेणी में शामिल कर दिया गया है, जिससे बिजली बिल दो से पांच गुना तक बढ़ गए हैं। डॉ. जयपाल ने बताया कि पोल्ट्री व्यवसाय में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति आवश्यक है, क्योंकि यह व्यवसाय पूरी तरह बिजली पर निर्भर है। इसके बावजूद पुराने बिलों की रिकवरी जोड़ी जा रही है और भुगतान न करने पर कनेक्शन काटने की चेतावनी दी जा रही है। महासचिव विजयराज ने कहा कि अजमेर विद्युत वितरण निगम (अजमेर डिस्कॉम) के अधिकारियों से कई बार संवाद के बावजूद समाधान नहीं निकला जा रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द उन्हें राहत प्रदान नहीं की गई तो प्रदेशभर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### मनाया स्वर्ण जयंती समारोह

**बांसवाड़ा।** जिला अभिभाषक संघ की ओर से 21 मई को जिला न्यायालय की स्थापना को 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती समारोह जिला एवं सेशन न्यायाधीश राम सुरेश प्रसाद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पुरनसिंह, प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड मुकेश रेगर और न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश मीणा भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जिला न्याय क्षेत्र की 50 वर्ष की स्वर्णिम यात्रा में 50 वर्ष से अधिक समय से वकालत कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हीरालाल जैन और देवेंद्र कुमार चौधरी का अभिनंदन किया गया। द्वय वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने जिला न्यायालय की स्थापना से पूर्व के अपने अनुभव साझा करते हुए बताया इससे पूर्व बांसवाड़ा का न्यायालय प्रतापगढ जजशिप के अधीन था। इस दौरान जिला जजशिप के 50 वर्ष पूर्ण होने पर वर्तमान में 39वे जिला जज के रूप में पद स्थापित राम सुरेश प्रसाद का भी स्वागत किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट गौरव उपाध्याय ने बताया कि जिला न्यायालय बनने के बाद जिले में कई स्वर्णिम पल बार एसोसिएशन और जिला न्याय क्षेत्र के लिए रहे जिसमें से एक स्वर्णिम पल राजस्थान में लोक अदालत की शुरुआत भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस पीएन भगवती के सानिध्य में होनायादगार पल रहा। इसी के साथ बांसवाड़ा न्याय क्षेत्र में इन 50 वर्षों में बहुत सारे नए न्यायालयों का आना उपलब्धि रहा साथ ही नई भव्य कोर्ट बिल्डिंग का निर्माण भी उपलब्धि भरा है लेकिन पक्षकारो और अधिवक्ताओं के लिए सुविधाये अभी भी चुनौती बनी हुई है जिसके लिए यह संकल्प का वर्ष है। बार अध्यक्ष एडवोकेट गौरव उपाध्याय ने घोषणा की कि स्वर्ण जयंती पर बार एसोसिएशन आने वाले 50 दिनों में विभिन्न कार्यक्रम करेगा जिसके तहत वरिष्ठ अधिवक्ताओं को समर्पित 50 वृक्ष नए कोर्ट कैंपस में लगाने, खेलकूद, सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लीगल सेमिनार आदि शामिल है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील जैन, मनोज सिंह चौहान, राजेंद्र शुक्ला, मनोहर पटेल, अजीत सिंह, शौकत हुसैन, हेमेंद्रनाथ पुरोहित, भूपेंद्र जैन, जितेन्द्र सिंह राव, तरुण आडीचवाल, अजय सिंह सोलंकी, अब्दुल वहाब, अनीता शाह, अर्जुन मकवाना, मनीष त्रिवेदी, दीपक राणा, रवि पूरी, पल्लव दवे, सुमित पटेल, शंभूसिंह शेखावत, सुमन जैन, राकेश पाटीदार, प्रभुलाल डामोर, प्रिया मेहता, विजय बुनकर, मोबिन खान, दिनेश पूरी, अभय जैन, ग्रंथ जोशी, दिलीप गामोड़ आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। आभार सचिव हिरेन पटेल ने किया।

### शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**उदयपुर।** श्री अग्रवाल दिगंबर जैन समाज की पुरुष एवं महिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कुंथु कुमार गणपतोत धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष, के के गुप्ता जी पूर्व सभापति डूंगरपुर एवं पारस सिंघवी पूर्व उपमहापौर निगम उदयपुर के सानिध्य में संपन्न हुआ अतिथियों के स्वागत सत्कार के पश्चात कुंथु कुमार ने कहा कि व्यक्ति को पांच चीजों का त्याग करना चाहिए पद ,मद, परनिंदा ,कषाय एवं परिग्रह। के के गुप्ता ने कहा कि सभी पदाधिकारी पुरुष एवं महिलाएं समाज के काम को ईमानदारी से तथा समर्पण भाव से दायित्वों का निर्माण करेंगे समाज के पदाधिकारी की जिम्मेदारी है कि समाज को संगठित करें समाज में सहयोग करने की आदत डालें समाज को एक परिवार के रूप में समझे हमारा समाज देश और दुनिया में अपना अलग महत्व रखता है हमारे समाज के लोग ज्यादातर व्यापार से जुडे जो रात दिन मेहनत करते हैं पैसा कमाना हमारी आवश्यकता जरूर है परंतु इन सब के पीछे हमारा सेवा का उद्देश्य भी रहता है हर सामाजिक धार्मिक कार्यों में हमारी सहभागिता रहती है जब भी किसी भी प्रकार की आपत्ती या विद्या विपदा आती है हमारा समाज सबसे अग्रिम पंक्ति में आकर खडा होता है ।पारस सिंघवी पूर्व उपमहापौर ने कहा कि राजनीति एवं संगठन में यातो पद मिलता नहीं, मिलता है तो कोई छोडता नहीं। परंतु त्याग मूर्ति ब्रजमोहन अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष ने समाज की 25 वर्षों तक समाज में विभिन्न पदों पर रहते हुए समाज की सेवा की जो वंदनीय एवं प्रशसनिय है। संचालन प्रधानाचार्य धर्म नारायण श्रीमाली एवं तरुण अग्रवाल उप मंत्री ने किया । पारस सिंघवी ने अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ,उपाध्यक्ष ललित अग्रवाल एवं कुंथु कुमार ने मंत्री सतीश अग्रवाल, उप मंत्री तरुण अग्रवाल एवं कार्यकारिणी सदस्यों विवेक अग्रवाल , सुरेश अग्रवाल , अशोक सिंघल , सचिन अग्रवाल ,ललित अग्रवाल नरेंद्र अग्रवाल एवं कमलेश अग्रवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### बाल संरक्षण इकाई की बैठक सम्पन्न

**बांसवाड़ा।** जिला बाल संरक्षण इकाई की बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर के निर्देषन में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अभिशेक गोयल की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में हुई। एडीएम गोयल ने बाल संरक्षण के लिए कार्य कर रहे विभाग एवं संस्थाओं से कहा कि बालकों से जुडे मामलों में संवेदनशीलता रखते हुए पीड़ित एवं जरूरतमंद बालक को समय पर न्याय एवं हरसंभव सुविधा मुहैया कराने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जिले को बाल विवाह एवं बाल श्रम से मुक्त जिला घोषित करवाने के लिए हम सतत प्रतिबद्ध हैं और हाल ही में बाल विवाह रोकथाम के लेकर स्थानीय प्रशासन और संबंधित संस्थाओं द्वारा जो प्रयास किए गए हैं वे सराहनीय और अनुकरणीय हैं। आगे भी इन प्रयासों को जारी रखना होगा जिससे हम यहां के बालक बालिकाओं को संरक्षित वातावरण उपलब्ध करा सके। इस अवसर पर उदयपुर संभाग की बाल संरक्षण सलाहकार सिंधु बिनुजीत ने संभाग स्तर पर संचालित पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम एवं बाल संरक्षण से जुड़ी विविध गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी और बाल संरक्षण के लिए सभी को समन्वित प्रयास करते हुए बाल हितेषी वातावरण तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि हम सभी बच्चों के लिए कार्य कर रहे है तो हमारा दायित्व बनता है कि उन्हें सुरक्षित एवं षिक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास करें। बिनुजीत ने कहा कि प्रषासन की टीम के समन्वित प्रयासों से जिले में डेढ माह में 33 से अधिक बाल विवाह रोकना सराहनीय कदम है।

## अवैध माइनिंग की शिकायत

**भीलवाड़ा।** जिले के आसींद क्षेत्र के कटार गांव के ग्रामीणों द्वारा बुधवार को आसींद तहसीलदार जय सिंह के नाम एक लिखित शिकायत पंचायत क्षेत्र में संचालित माइनिंग लीज संख्या 62/2018 पर हो रही अवैध माइनिंग को लेकर गई। ग्रामीणों ने प्रशासन को शिकायत करते हुए बताया कि कटार गांव के पास ही संचालित संख्या 62/2018 पर पिछले कहीं समय से सीमांकन क्षेत्र से बाहर आकर अवैध तरीके से ठोनाइट खनिज का खनन किया जा रहा है लीज धारक द्वारा अभी तक लाखों टन अवैध ठोनाइट खनन किया जा चुका है, अवैध खनन के साथ ही परिवहन भी अवैध तरीके से किया जाकर सरकार को करोड़ों रुपए रॉयल्टी की चपत लगाई जा रही है।

# कांग्रेस ने निकाली संविधान बचाओ रैली

■ भीलवाड़ा के अंबेडकर चौराहे से आज संविधान बचाओ और जाति जनगणना की मांग को लेकर कांग्रेस की रैली का आयोजन किया गया।

**भीलवाड़ा।** अंबेडकर चौराहे से आज संविधान बचाओ और जाति जनगणना की मांग को लेकर कांग्रेस की रैली का आयोजन किया गया। अंबेडकर सर्किल पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रेली का आरंभ किया गया। रेली गोल प्याऊ चौराहा होते हुए सूचना केंद्र चौराहे तक पहुंची जहां, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में 108 फीट लंबा तिरंगा आकर्षण का केंद्र रहा।

सूचना केंद्र चौराहे पर बलिदान दिवस के अवसर पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पुष्पांजलि अर्पित की गई। रैली में पूर्व मंत्री रामलाल जाट, रैली के जिला प्रभारी पूर्व राज्य मंत्री उर्मिला योगी, भीलवाड़ा विधानसभा प्रभारी प्रदेश कांग्रेस सचिव रंजना व्यास, कैलाश झालीवाल, मांडल विधानसभा प्रभारी भगवान मुक्कड़, सहाडा विधानसभा प्रत्याशी राजेंद्र त्रिवेदी, आसींद विधानसभा प्रत्याशी हगामी लाल मेवाड़ा, कैलाश व्यास, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सुशीला सालवी, शंकर लाल गाडरी, राजेश चौधरी, मनोज पालीवाल, संदीप जीनगर, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक के साथी ही बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कानून ने नहीं माना दोष, आरोपी को राहत

**नसीराबाद।** सरवाड़ थाना क्षेत्र में वर्ष 2020 में हुई एक सड़क दुर्घटना, जिसमें मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई थी, उस मामले में आरोपी को न्यायालय ने सबूतों की कमी और गवाहों के विरोधाभासी बयानों के चलते दोषमुक्त कर दिया। प्रकरण के अनुसार, गांव सवाईपुरा निवासी जीवन ने 31 अक्टूबर 2020 को पुलिस में रिपोर्ट दी थी कि उसका भाई नोरतमल मोटरसाइकिल से यात्रा कर रहा था, जब ग्राम अजगरा के पास एक कार ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल नोरतमल को प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में नसीराबाद निवासी एक युवक रोहित के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए न्यायालय में चालान पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने 9 गवाहों के बयान और 13 दस्तावेज प्रस्तुत किए, लेकिन गवाहों के बयानों में आपसी विरोधाभास सामने आया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता हेमंत प्रजापति और विष्णु पारीक ने यह तर्क रखा कि उपलब्ध साक्ष्य आरोपी को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्तिक शर्मा ने इन तर्कों से सहमति जताते हुए निर्णय दिया कि संदेह का लाभ आरोपी को मिलना चाहिए। परिणामस्वरूप, आरोपी को दोषमुक्त कर बरी कर दिया गया।

## सार-समाचार

### सिलाई मशीनें भेंट

**ब्यावर** (निसं) जिला मुख्यालय पर एक सराहनीय पहल के तहत दिव्यांग महिलाएं मंजू देवी और संतोष देवी ने जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत के समक्ष अपनी आजीविका को लेकर मदद की गुहार लगाई। दोनों महिलाओं ने बताया कि उनके पास रोजगार का कोई स्थायी साधन नहीं है।इस पर संवेदनशीलता दिखाते हुए जिला कलेक्टर डॉ. खडगावत ने तुरंत पहल करते हुए अर्यमा सेवा समिति के अध्यक्ष बलवंत भाटी एवं असित भाटी के सहयोग से दो सिलाई मशीनें अंतरिम राहत स्वरूप भेंट कीं।

### डॉ. राव के निधन पर शोक

**ब्यावर** (निसं) देश के ख्यातनाम वरिष्ठ पत्रकार व आईएफडब्ल्यूजे संगठन के अध्यक्ष रहे डॉ के विक्रम राव के निधन पर ब्यावर जिला इकाई द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिले के पत्रकारों ने राव को श्रृद्धा सुमन अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। एकता सर्किल कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय राव को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान ब्यावर जिला अध्यक्ष गोविन्द शर्मा ने राव की जीवनी पर प्रकाश डाला और शुरुआती दौर से पूरे जीवन भर उनके द्वारा पत्रकार हितो के लिए किए गए संघर्ष के बारे में बताया।

### प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर उत्साह

**छबड़ा** (निसं)। जैसे-जैसे प्राण-प्रतिष्ठा समारोह नजदीक आता जा रहा हैं, वैसे-वैसे समाजबंधुओं में उत्साह, उमंग बढ़ता जा रहा हैं। यादव (जाटव) समाज द्वारा यहां के खेल मैदान में एक से पांच जून तक आयोजित होने वाले ग्यारह कुण्डीय राम दरबार महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा (डोरा) तथा ग्यारह कन्या नि:शुल्क विवाह समारोह की तैयारियां व्यापक रूप से की जा रही हैं। समिति पदाधिकारी गांव-गांव, ढाणी-ढाणी सहित संभाग के जिलो में पहुंचकर जनसम्पर्क कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार व श्यामसुंदर यादव ने बताया कि यादव मोहल्ले में समाज के नवनिर्मित मंदिर में श्रीराम दरबार के विराजमान होने की तैयारियां अब युद्धस्तर पर की जा रही हैं। समिति पदाधिकारियों व समाजबंधुओं की अलग-अलग टीम जनसम्पर्क व व्यवस्थाओं में जुटी हुई हैं। कार्यक्रम की श्रृंखला में एक जून रविवार को शोभायात्रा, सर्वदेव पूजन, ब्राह्मण वरण, अग्नि स्थापना, जलाधिवास, दो जून सोमवार को सर्वदेव पूजन, हवन, पत्राधि, पुष्पाधिवास, फलादिवास, तीन जून मंगलवार को सर्वदेव पूजन, धृताधिवास, शर्कराधिवास, चार जून बुधवार को सर्वदेव पूजन, हवन, अन्नाधिवास, महाभिषेक, यज्ञोपवित संस्कार, पांच जून गुरुवार को सर्वदेव पूजन, पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण के साथ धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होंगे।

### निगम ने अतिक्रमण हटाये

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर प्रशासन द्वारा सड़क-फुटपाथ पर जमे अतिक्रमियों को हटाने की कार्यवाही बुधवार को भी जारी रही। बुधवार को निगम उत्तर के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा किशोरसागर से नयापुरा अग्रसेन चोराहा तक के क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। नगर निगम कोटा उत्तर के अति. पुलिस अधीक्षक व अतिक्रमण प्रभारी तरूणकांत सौमानी ने बताया कि बुधवार को कोटा उत्तर निगम का अतिक्रमण निरोधक दस्ता सहायक अतिक्रमण प्रभारी हनुमाना राम की अगुवाई में किशोरसागर व नयापुरा क्षेत्र पहुंचा और अग्रसेन चौराहे एवं आरटीडीसी के गेस्ट हाऊस के बाहर मुख्य सड़क और फुटपाथ पर कब्जा कर गन्ने के रस विक्रय कर रहे अतिक्रमियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई और उनके सामान जब्त कर फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। निगम उत्तर के अतिक्रमण प्रभारी तरूणकांत सौमानी ने बताया कि इन गन्ने वालों के द्वारा सड़क को जाम कर दिया जाता था और जिससे राहगीरों को परेशानी का सामान करना पड़ता था। जिसके तहत कार्यवाही कर मुख्य सड़क व फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त बनाकर राहगीरों को राहत प्रदान की गई।

### आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

**छबड़ा** (निसं)। पिता ने अपनी पुत्री की मृत्यु के लिए जमाई को जिम्मेदार ठहराया। पिता ने उनकी पुत्री को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला छबडा थाने में दर्ज करवा दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार परोलिया निवासी राधेश्याम मीणा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि मैंने मेरी पुत्री ममता की शादी 8-9 वर्ष पहले बालापुरा के रहने वाले लोकेश मीणा के साथ की थी।

**नाम परिवर्तन**

मैं नीरज गोड़ पुत्र गिरधारी लाल गोड़ जाती ब्राह्मण निवासी सैनी नर्सिंग होम की गली वार्ड नं 17 मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर राज. जो की मेरा नाम नीरज शर्मा करवा रहा हूं, भविष्य में मुझे नीरज शर्मा के नाम से जाना पहचाना जाये।

**नाम परिवर्तन**

मैं मिनाक्षी शर्मा पुत्री नंदकिशोर शास्त्री पत्नी नीरज शर्मा निवासी सैनी नर्सिंग होम की गली मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर राज. जो की मेरा नाम मिनाक्षी शर्मा के स्थान पर मीनू शर्मा करवा रही हूं, भविष्य में मुझे मीनू शर्मा के नाम से जाना पहचाना जाये।

**खोया-पाया**

मेरा एक भूखंड जो कि महाराणा प्रताप नगर अजमेर में स्थित है जिसका प्लॉट संख्या बी-194 है इस भूखंड का अजमेर विकास प्राधिकरण से प्राप्त आवंटन पत्र जलमहल जयपुर के आस-पास कहीं गिर गया है जिस किसी सज्जन को मिले निम्न पते पर सूचित करे। किशन सिंह राठौर,23/2 चुंगी चौकी,लोहागल शास्त्री नगर अजमेर

**आम सूचना**

मेरी सास श्रीमति हरकू पत्नि मूला जाति बैरवा निवासी ग्राम गेहलपुर की मृत्यु दिनांक 12.09.2009 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम गेहलपुर में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत सिरोंज में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी सास श्रीमती हरकू पत्नि मूला बैरवा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। - प्रार्थी-नन्दुदेवी पत्नि श्योजी बैरवा, निवासी ग्राम गेहलपुर, तहसील-अरांई(अजमेर)

## ट्रैक्टर की टक्कर से बालक की मौत

■ परिवारजनों ने करण सिंह के नेत्रदान किए

■ 'हमें अपने बेटे को खोने का दुख है, लेकिन उसकी आंखों से किसी और की दुनिया रोशन हो सके, इससे बड़ी बात और क्या होगी?'

**मसूदा।** मसूदा उपखंड क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से एक बालक की मौत हो गई। मसूदा के निकट रेबारीयों की ढाणी निवासी राजेंद्र सिंह पंवार का 14 वर्षीय पुत्र करण सिंह पैदल मसूदा की ओर आ रहा था कि देवमाली की ओर से आ रहे ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे मसूदा उप जिला चिकित्सालय लेकर आए जहा डॉक्टरों ने जांच के बाद बालक को मृत घोषित कर दिया।इस पर मृतक के पिता राजेन्द्र सिंह पंवार पुत्र भवंर सिंह पंवार ने मसूदा पुलिस को दी लिखित रिपोर्ट में बताया कि लगभग बुधवार दोपहर 2 बजे मेरा पुत्र करण सिंह घर से मसूदा की तरफ पैदल जा रहा था कि देवमाली की तरफ से एक तेज रफ्तार से आते हुए साइड में चल रहे मेरे पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मेरे पुत्र के सिर में पीछे की तरफ गम्भीर चोट आई। जहां से निजी वाहन से मसूदा उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया।

# 'आधुनिक भारत के जनक थे राजीव गांधी'

■ कांग्रेसजनों दी श्रद्धांजलि

**मेड़ता सिटी।** मेडता कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करके उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा और पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी के द्वारा किए गए कामों को आज भी जनता याद करती है और भारत रत्न राजीव जी गांधी संचार क्रांति के जनक थे जिन्होंने कंप्यूटर क्रांति की शुरुआत की थी।

वहीं कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी शिवरतन वाल्मीकि ब्लॉक अध्यक्ष नेमाराम बेडा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष जाकिर खान सांखला में कहा कि आज जो आधुनिक युग है, वह सब राजीव गांधी की देन है भारत को ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए उनका महत्वपूर्ण योगदान था।

वहीं राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जिला अध्यक्ष नंदराम मेंहरिया ने कहा कि पंचायत राज को मजबूत करने में राजीव जी गांधी का जो योगदान है उसको सदैव भारत की जनता और पंचायत के लोग याद करते रहेंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा, विधानसभा कांठोस प्रत्याशी शिवरतन वाल्मीकि, कांठोस ब्लॉक अध्यक्ष नेमाराम बेडा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष जाकिर खान सांखला, पार्षद प्रतिनिधि जीसान कुरैशी, पीसीसी सदस्य लालराम नायक,संगठन मंत्री राजेंद्र राव,जिला सचिव सीताराम, श्याम सुंदर सोमानी, हेमाराम बेडा, रहमत अली गोरी,मंडल सदस्य बाबू मेहरा,पूर्व पार्षद दशरथ सारस्वत, राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जिला अध्यक्ष नंदराम महेरिया,पंचायत राज ब्लॉक अध्यक्ष दीनाराम कमेडिया, नीलम कोठरी, उदयराज, अजय जावा, ओमप्रकाश, सुरेंद्र सिंह,हुसैन शेरानी, पार्षद प्रतिनिधि सत्यनारायण, पार्षद अमज़द केके,मंगल वाल्मीकि, इंसाफ एनेक इत्यादि मौजूद रहे।

## वर्मा एम्स जोधपुर में चयनित

**मेड़ता सिटी।** मेड़ता निवासी कशिश वर्मा पुत्री प्रेमचंद वर्मा दर्जी का नर्सिंग ऑफिसर एनओआरसीईटी 8 परीक्षा में उत्तीर्ण होकर जोधपुर एम्स में सलेक्शन होने पर परिवार व नामदेव दर्जी समाज का नाम रोशन किया हे। पिता प्रेम चंद वर्मा ने बताया कि कठिन परिश्रम व लगन से पहले ही प्रयास में नर्सिंग ऑफिसर एम्स में सलेक्शन हुआ कनिष्क की पूरे भारत वर्ष में 140 वो रैंक हासिल कर सलेक्शन हुआ। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार और दर्जी समाज को गर्व की अनुभूति हुई है। यह सफलता युवाओं के प्रेरणा का स्रोत बनेगी और कठिन परिश्रम की ओर अठासर करेगी।

# 50,000 गिलास शीतल शरबत सेवा का लक्ष्य

**ब्यावर** (निसं) श्रीमद् भागवत् प्रभातफेरी परिवार द्वारा अपने 18वें स्थापना दिवस पर 5 दिवसीय विभिन्न सेवा-कार्यों का आयोजन किया जाएगा। सेवा कार्यों का आयोजन 23 से 27 मई, 2025 तक रखा गया है। प्रभात फेरी संयोजक संजय घीया ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 17 वर्षों से जारी प्रभातफेरी श्रृंखला के तहत वर्तमान में 6205 दिन से नियमित प्रभातफेरियों का संचालन विभिन्न स्थानों से किया जा रहा है। प्रभातफेरी संचालन के अलावा परिवार द्वारा अभी तक 140 से ज्यादा कन्याओं का कन्यादान भी किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन परिवार द्वारा बड़े स्तर पर किया जाता रहा है। कार्यक्रम संयोजक पवन अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिवस 23 मई, 2025 को परिवार द्वारा भीषण गर्मी एवं लू से राहत दिलाने हेतु शहर में 10 विभिन्न स्थानों पर शीतल शरबत की वाटिकाओं का आयोजन दोपहर 4.30 बजे से रखा गया है। जहां पर सभी 10 स्थानों पर कुमारानन्द सर्किल, चांगगेट, सूरजपोल गेट, बस स्टैण्ड, रूपबानी टॉकीज के सामने, सेन्दड़ा रोड, रास-बाबरा बस स्टैण्ड, मेवाड़ी गेट, कॉलेज रोड पर शहरवासियों, राहगीरों व व्यापारियों को श्रीमद् भागवत् प्रभातफेरी परिवार की टीम द्वारा एक साथ करीबन 50000 गिलास शीतल शरबत का सेवन करवाया जाएगा।

## आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया

**भीलवाड़ा।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकाश परियोजना के अंतर्गत बुधवार को जिले में सामुदायिक प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र में जिला पुलिस कार्यालय से जिला स्तरीय कमांडो राज कुमारी चौधरी ने समूह से जुड़ी महिलाओं को आज तीसरे दिन आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया प्रशिक्षण में राजीविका कार्मिक संगठन प्रदेशाध्यक्ष अमित जोशी ने बताया कि महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रशिक्षण के साथ साथ दहेज प्रताड़ना,लेगिंग उत्पीड़न ,महिला शोषण,घरेलू हिंसा के कानून की जानकारी दी जा रही है और साथ ही शारीरिक फिटनेस के लिए योगा की जानकारी भी दी जा रही है।

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांक : न.नि.अ./भवन/25-26/58 | **आपत्ति सूचना** | दिनांक: 16/5/2025

श्रीमती रीना अग्रवाल पत्नी श्री प्रशांत अग्रवाल निवासी टोडरमल मार्ग अजमेर, श्रीमति श्रुति गोयल पत्नी श्री हेमराज गोयल निवासी 14/23 सीताराम बाजार केसरगंज अजमेर एव श्रीमती शेफाली राणा पत्नी श्री प्रफुल जैन निवासी मं.न. 216-सी मेयो लिंक रोड शिवा कॉलोनी जी सी रोड अजमेर अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. न 227/22 227ए/22 का भाग है जिसका निजी क्रमांक 21, ए2 ए 3 व ए 4 दर्शाया गया है जिसमें से भाग संख्या ए 1 जो वाके शंकर पैलेस प्लाजा सिनेमा रोड पडाव अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 58.52 व.मी है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं।

पूर्व में : 56.9 फुट चौडा आम रास्ता | पश्चिम में : अन्य भूमि
उत्तर में : इसी सम्पति का भाग ए 2 | दक्षिण में : इसी सम्पति का भाग ए-4

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जाएगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांक : न.नि.अ./भवन/25-26/57 | **आपत्ति सूचना** | दिनांक: 16/5/2025

श्रीमती रीना अग्रवाल पत्नी श्री प्रशांत अग्रवाल निवासी टोडरमल मार्ग अजमेर, श्रीमति श्रुति गोयल पत्नी श्री हेमराज गोयल निवासी 14/23 सीताराम बाजार केसरगंज अजमेर एव श्रीमती शेफाली राणा पत्नी श्री प्रफुल जैन निवासी मं.न. 216-सी मेयो लिंक रोड शिवा कॉलोनी जी सी रोड अजमेर अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. न 227/22 227ए/22 का भाग है जिसका निजी क्रमांक 21, ए2 ए 3 व ए 4 दर्शाया गया है जिसमें से भाग संख्या ए 1 जो वाके शंकर पैलेस प्लाजा सिनेमा रोड पडाव अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 72.01 व.मी है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं।

पूर्व में : 56.9 फुट चौडा आम रास्ता | पश्चिम में : अन्य भूमि
उत्तर में : इसी सम्पति का भाग ए 3 | दक्षिण में : अन्य की सम्पति

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जाएगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांक : न.नि.अ./भवन/25-26/56 | **आपत्ति सूचना** | दिनांक: 16/5/2025

श्रीमती रीना अग्रवाल पत्नी श्री प्रशांत अग्रवाल निवासी टोडरमल मार्ग अजमेर, श्रीमति श्रुति गोयल पत्नी श्री हेमराज गोयल निवासी 14/23 सीताराम बाजार केसरगंज अजमेर एव श्रीमती शेफाली राणा पत्नी श्री प्रफुल जैन निवासी मं.न. 216-सी मेयो लिंक रोड शिवा कॉलोनी जी सी रोड अजमेर अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. न 227/22 227ए/22 का भाग है जिसका निजी क्रमांक 21, ए2 ए 3 व ए 4 दर्शाया गया है जिसमें से भाग संख्या ए 1 जो वाके शंकर पैलेस प्लाजा सिनेमा रोड पडाव अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 58.52 व.मी है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं।

पूर्व में : 56.9 फुट चौडा आम रास्ता | पश्चिम में : अन्य भूमि
उत्तर में : इसी सम्पति का भाग | दक्षिण में : इसी सम्पति का भाग ए 2 है

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जाएगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर**

क्रमांक : 219 | दिनांक 14.05.25

**जाहिर आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 4/122, पंचशील, अजमेर श्री सू0 दुर्गा प्रकाश नरहरी पुत्र स्व0 श्री सूरज प्रकाश नरहरी को आवंटित कर दिनांक 07.08.2001 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। मण्डल द्वारा दिनांक 16.01.2002 को जारी आदेश के अनुसार श्री ललित प्रकाश माथुर पुत्र श्री दुर्गा प्रकाश माथुर का नाम उक्त आवास में जोड़ा गया। श्री दुर्गा प्रकाश नरहरी पुत्र स्व0 श्री सूरज प्रकाश नरहरी एवं श्री ललित प्रकाश माथुर पुत्र श्री दुर्गा प्रकाश नरहरी द्वारा दिनांक 23.06.2009 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्री दुर्गा प्रकाश नरहरी एवं श्री ललित प्रकाश माथुर द्वारा आवास का मुख्यारनामा आम श्रीमती पारूल शर्मा पत्नि श्री प्रवीण शर्मा के पक्ष में निष्पादित किया गया। मुख्यारनामा आम के आधार पर श्रीमती पारूल शर्मा पत्नि श्री प्रवीण शर्मा द्वारा स्वयं के पक्ष में दिनांक 17.10.2011 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1744 में पृष्ठ संख्या 44 क्रम संख्या 2011004510 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 3968 के पृष्ठ संख्या 375 से 388 पर दिनांक 17.10.2011 को चस्पा किया गया। अब श्रीमती पारूल शर्मा पत्नि श्री प्रवीण शर्मा ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती पारूल शर्मा पत्नि श्री प्रवीण शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियन्ता,
राजस्थान आवासन मण्डल,खण्ड-अजमेर

SHEETAL JAIN
Advocate
REG.no. R/1506/2013

Near Jain Sthanak, Gulabpura
Distt. Bhilwara
M-902478727,7976092743
Date-21.05.2025

**आम सूचना**

समस्त आम खास व्यक्तियों, वितीय संस्थाओं, बैंको को सूचित किया जाता है प्रार्थी जीवराज माली पुत्र घीसालाल माली जाति माली निवासी बडली तहसील भिनाय जिला अजमेर ने अपने स्वामित्व की जायदाद पट्टा नं. 36 बनाप 61.56 वर्गगज जो कि ग्राम बडली ग्राम पंचायत बडली तहसील भिनाय जिला अजमेर में स्थित है पर ऋण हेतु सर्वग्राम फिनकेयर प्रा. लिमि. शाखा बिजयनगर में आवेदन किया है, उक्त जायदाद का आवासीय भूमि का पट्टा सं. 36 ग्राम पंचायत बडली द्वारा प्रार्थी के पक्ष में दि. 08.11.2021 को जारी कर दि. 21.04.2025 को उपपंजीयक कार्यालय देवलियाकलां में पंजीबद्ध कराया है। उक्त जायदाद के चैन ऑफ टाईटल में से आवासीय भूमि का पट्टा सं. 36 मूल ही जीर्ण क्षीर्ण अवस्था में एवं टूकडों में फट में गया है एवं ग्राम पंचायत द्वारा उक्त पट्टे की प्रतिलिपि जारी की है एवं दि. 05.02.2025 को नवीनीकरण किया गया है। अतः उक्त आवासीय भूमि का विक्रय विलेख पट्टा सं. 36 की असल प्रति के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति/ एतराज /उजरदारी हो तो प्रकाशन की तिथि से 03 दिवस के अन्दर अवधि में सर्वग्राम फिनकेयर प्रा. लिमि. शाखा बिजयनगर या मेरे कार्यालय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर प्राप्ति स्वीकृति लेवे, कोई भी आपत्ति नहीं आने पर बाद गुजरने मियाद उक्त चैन ऑफ टाईटल में से उक्त असल पढ्‌टे के बिना एवं उक्त जायदाद की शेष असल एवं प्रमाणित प्रति को बंधक रख ऋण स्वीकृति की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जावेगी तत्पश्चात किसी की आपत्ति/एतराज/उजरदारी स्वीकार योग्य नहीं होगी एवं ऋण वितरण के पश्चात उक्त जायदाद पर प्रथम प्रभार सर्वग्राम फिनकेयर प्रा. लिमि. का होगा।

भवदीय- शीतल जैन एडवोकेट पुराना बाजार सब्जी मंडी रोड गुलाबपुरा

## तिरंगा यात्रा आज

**मसूदा।** मसूदा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रावत ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारतीय सेनाओं के अद्वितीय शौर्य, पराक्रम एवं बलिदान को नमन करते हुए भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा हमारी सेनाओं के प्रति श्रद्धा, सम्मान एवं एकजुटता का प्रतीक होगी। तिरंगा यात्रा में क्षेत्रवासियों एवं मसूदा के भी मण्डल मसूदा के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता इस तिरंगा यात्रा हिस्सा लेंगे।

# राजीव गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित

■ पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**बिजयनगर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी कीपुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दौलत राम माणक चंदानी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुयेपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा देश को दिये योगदान को याद किया। आयोजीत कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, मूल सिंह राठौड़, रमेश मोटवानी, गौतम राज बाफना, नितेश, मानक चन्दानी, हंसराज गुर्जर, सचिन गुर्जर, शंकर लाल माली, दीपक गुर्जर, शाहिद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धा के साथ नमन किया।

# सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 25 मई को

■ कलक्टर ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**अजमेर।** जिला कलैक्टर लोकबंधु ने बुधवार को 25 मई को आयोजित होने वाली यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के सुचारू, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी संचालन के लिए तैयारियों की समीक्षा की। जिला कलैक्टर लोक बन्धु ने कहा कि परीक्षा का आयोजन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप सख्ती से किया जाए।

सभी कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि वे आयोग की गाइडलाइन की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। किसी भी तरह की समस्या होने पर कलेक्ट्रेट में स्थापित नियंत्रण कक्ष को तुरंत सूचित किया जाए। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र का गेट परीक्षा समय से 30 मिनट पूर्व बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी अभ्यर्थियों को समय से केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, पेजर, पेन ड्राइव, स्मार्ट घड़ियां, प्रोग्राम्ड डिवाइसेज, अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स एवं उपकरणों पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। केंद्र पर कोई स्टॉक रूम उपलब्ध नहीं होगा। इसके लिए परीक्षार्थी बैग एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान नहीं लाएं। परीक्षा केंद्र में केवल पेन, पेंसिल, वैध पहचान पत्र एवं एडमिट कार्ड ही लाने की अनुमति होगी। महिला एवं पुरुष परीक्षार्थियों की गहन तलाशी सुनिश्चित करने के लिए गृह विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए जाएं।

इससे नेटवर्क, वाईफाई एवं ब्लूटूथ को अवरुद्ध किया जा सकेगा। साथ ही केंद्रों पर स्वच्छ शौचालय, पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं मेटल डिटेक्टर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। परीक्षा समन्वयक नंदकिशोर प्रजापति द्वारा आयोग की गाइडलाइन से केंद्राधीक्षकों एवं विक्षकों को अवगत करवाया गया। बैठक में परीक्षा नियंत्रक वंदना खोरवाल, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल जोशी सहित सभी संबंधित अधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं विक्षक उपस्थित रहे।

## प्रवेश शुरू

**अजमेर।** प्रवेश सत्र 2025-2026 में सीआईटीएस में प्रवेश के लिए 28 मई तक आवेदन एनआईएमआई पोर्टल पर जारी है। जो अभ्यर्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुदेशक के पद पर कार्य करना चाहते है उनको सीआईटीएस करना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अंतिम दिनांक तक विभिन्न एनएसटीआई एवं आईटीओटीएस प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न व्यवसायों में आवेदन कर सकते है। आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 15 जून को ऑल इण्डिया ट्रेड टेस्ट होगा। इस प्रवेश परीक्षा के लिए आईटीआई उत्तीर्ण एनटीसी, एनएसी, डिप्लोमा अथवा डिग्री से उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थी पात्र होंगे। इस वर्ष संबंधित अंतिम वर्ष की परीक्षा दे रहे अभ्यर्थी भी आवेदन के लिए पात्र होंगें।

# राजीव गांधी को किया याद

**अरांई,** (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण बटेसर की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान राजीव गांधी के कराए कार्यों की चर्चा हुई और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने पूर्व पीएम द्वारा किए गए कार्यों का बखान किया और उनके अधूरे सपनों को साकार करने का भी संकल्प लिया।

कांग्रेसियों ने पंचायत समिति में राजीव गांधी की फोटो पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष बटेसर ने कहा कि स्व. राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने भारत को एक नई गति और दिशा प्रदान की। उन्होंने अपने कार्यों और देशहित में किये फैसलों से भारत की जनता के दिलों-दिमाग में अमिट छाप छोड़ी। हनुमान गोरेली ने कहा कि देश में कंप्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट, दूरसंचार क्रांति का जो युग है, वो स्व. राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच की देन है। पूर्व सरपंच भँवर गोपाल गौड़ ने कहा कि देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने न केवल जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी की राजनीतिक विरासत को संभाला, बल्कि देश को तकनीक व वैश्विक बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए।

# बी.डी.ओ. निलंबित

**खेतड़ी,** (निसं)। पंचायती राज विभाग ने देर शाम को एक आदेश जारी कर सिंघाना पंचायत समिति के बीडीओ को निलंबित कर दिया है। विभाग के शासन उप सचिव ने आदेश जारी कर बीडीओ दारा सिंह को निलंबित कर उनका निलंबन काल मुख्यालय जयपुर रखा है।ग्रामसेवक संघ के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया कि इसी माह बीडीओ दारा सिंह ने ग्राम विकास अधिकारी को आठ मई को फोन पर गंदी गालियां दी थी, जिसके बाद एक आडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। बीडीओ दारा सिंह द्वारा कर्मचारियों को अश्लील गालियां देकर प्रताड़ित किया जा रहा है। जिससे पंचायतों में लगेग्राम विकास अधिकारीअपना काम भी नहीं कर पा रहे है। बीडीओ द्वारा रोजाना फोन पर धमकाया जाता था तथा दबाव बनाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है। इसके अलावा तय समय पर अपने कार्य करने के बावजूद भी चार्जशीट व नोटिस देकरग्राम विकास अधिकारियोंको परेशान किया जा रहा था। बीडीओ द्वारा बीलो के भुगतान को लेकर दबाव बनाया जाता है, जिससे ग्राम विकास अधिकारी मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर ट्रांसफर करवाने को मजबूर हो रहे थे। मामले को लेकर नौ मई को ग्राम विकास अधिकारियों ने जिला परिषद सीईओ को ज्ञापन देकर बीडीओ दारा सिंहको निलंबित करने की मांग की थी। वही जल्द ही बीडीओ दारा सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तोग्राम

एफएसएसएआई fssai भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण Food Safety and Standards Authority of India
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

**अंतिम तिथि : 31 मई 2025 !**

**वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनिवार्य वार्षिक रिटर्न दाखिल करने के लिए (केवल FSSAI के FOSCOS पोर्टल के माध्यम से)**

सभी एफएसएसएआई लाइसेंस प्राप्त निर्माता, आयातक और खाद्य निर्माता-निर्यातक वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना वार्षिक रिटर्न जमा करेंगे

- एफएसएस (खाद्य व्यवसायों का लाइसेंस और पंजीकरण) विनियम, 2011 के खंड 2.1.13 और लाइसेंस की शर्तें 05 देखें
- वार्षिक रिटर्न कैसे दाखिल करें:
  - चरण 1 : FoSCOS पोर्टल में लॉगिन करें।
  - चरण 2 : बाएं मेनू पर जाएं → वार्षिक रिटर्न → वार्षिक रिटर्न भरें

**वार्षिक रिटर्न दाखिल करते समय ध्यान रखने योग्य बातें :**

- पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 'शून्य' उत्पादन के लिए भी फाइल किया जाएगा।
- यदि लाइसेंस की अवधि समाप्त हो गई है या वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सरेंडर कर दिया गया है, तो भी यह मामला दायर किया जाएगा।
- 31 मार्च 2025 से पहले नया लाइसेंस प्राप्त होने पर भी यह मामला दायर किया जाएगा।




**गैर-अनुपालन के परिणाम :**

- जुर्माना : 1 जून 2025 से प्रतिदिन 100 रूपये
- एफएसएस अधिनियम, 2026 की धारा 32 के तहत लाइसेंस निलंबित किया जा सकता है

**अधिक जानकारी के लिए :**

- FoSCOS पर [https://foscosfssai.gov.in] जाएँ
- FSSAI की हेल्पलाइन @1800112100 पर सुबह 7:00 बजे से रात 11:00 बजे तक कॉल करें।
- कृपया helpdesk-foscos@fssai.gov.in पर लिखें।

fssaiindia | fssai | fssai_safefood | fssaiindia | fssai_india

CBC 17163/12/0007/2526

